# <u>जयपुर भार्गव सभा (रजि.) जयपुर</u>

## भगवान परशुराम जयन्ती दिनांक 06.05.2019



भगवान परशुराम जयन्ती दिनांक 06.05.2019 को सायः 5:30 बजे, स्थान महर्षि भृगु सदन, सुन्दर मार्ग पर हर्षोल्लास से मनाई गई।

जयपुर भार्गव सभा व भार्गव महिला सभा, जयपुर की ओर से श्री परशुराम भगवान के जन्मोत्सव पर उन्हें विष्णु के छटे अवतार के रूप में स्मरण करते हुए महर्षि भृगु सदन, सुन्दर मार्ग, तिलक नगर, जयपुर में भार्गव समाज द्वारा हर्षोल्लास व उत्साह पूर्वक जयन्ति समारोह मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित अखिल भारतीय भार्गव सभा के प्रधान श्री नरेश भार्गव (भार्गव लोढ़ा), उपाध्यक्ष श्री अनिल जी, राष्ट्रीय भार्गव महिला सभा की सचिव श्रीमती सुमन जी, जयपुर भार्गव सभा के अध्यक्ष श्री विनोद जी, भार्गव महिला सभा की अध्यक्ष श्रीमती रूकमणी जी एंव सचिव श्रीमती मनीषा जी ने दीप प्रज्जवलित कर भगवान परशुराम के चित्र को माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष डॉ॰ परमानन्द जी, प्रोफेसर श्री दयानन्द जी, श्री मथुरा प्रसाद जी की उपस्थिति अन्य गणमान्यों के साथ विशेष उल्लेखनीय रही। भगवान परशुराम की स्तुती के बाद श्रीमती उर्मिला, श्रीमती आरती, श्रीमती मधु व श्रीमती मंजु ने भगवान परशुराम के जीवन चरित्र को उजागर करने वाले सुन्दर भजन की प्रस्तुती दी। परशुराम चालिसा का सस्वर सामुहिक पाठ व परशुराम की धुन का भी

आगन्तुक बन्धुओं ने आनन्द लिया। विदूषक प्रोफेसर श्री दयानन्द जी ने इस अवसर पर कहा कि भगवान विष्णु के छटे अवतार के रूप में भार्गव वंश में अवतरित होना न केवल भार्गवकुल के लिये गाौरव की बात है, अपितु समाज व देश के लिये कर्तव्य पारायण हो कर समर्पित होने का बोध कराने का संदेश भी है। भार्गव महिला सभा की अध्यक्ष श्रीमती रूक्मणी व श्री मथुरा प्रसादजी ने भी अपने विचार प्रकट किये। इसके साथ ही श्री अनिल जी (तिलक नगर) द्वारा प्रोजेक्टर पर भगवान परशुराम जी की जीवनी पर एक छोटी फिल्म दिखाई गई सभी ने उसकी प्रशन्ता की। जयपुर भार्गव सभा के अध्यक्ष श्री विनोद व सचिव मुकेश कुमार ने आगन्तु को धन्यवाद प्रेषित किया। अन्त में भगवान परशुराम की आरती कर प्रसाद ग्रहण किया।

**मुकेश कुमार भार्गव**
**सचिव**
**जयपुर भार्गव सभा**